उस बांसुरी वाले की,
लीले घोड़े वाले की,
तर्ज दिल दीवाने का डोला

उस बांसुरी वाले की,
लीले घोड़े वाले की,
गोदी में सो जाऊँ,
मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनो में खो जाऊँ।।

देखि दुनिया दीवानी,
ये मतलब की मस्तानी,
बिन मतलब रुख ना जोड़े,
यहाँ नित नित नयी कहानी,
किस किस को छोड़ू बाबा,
किस किस को अपनाऊँ,
मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनो में खो जाऊँ।।

सुख दु:ख पहलु जीवन के,
बस वहम ही है ये मन के,
कोई हस हस के सहता है,
कोई सहता है तन तन के,
जीवन की पहेली उलझी,
में कैसे सुलझाऊँ,

मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनो में खो जाऊँ।।

बंधन दुनिया के झुटे,
कोई माने कोई रूठे,
संजू चाहे जग छुटे,
ये तार कभी ना टूटे,
बस इतनी किरपा कर दे,
में तेरा हो जाऊँ,
मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनो में खो जाऊँ।।

उस बासुरी वाले की,
लीले घोड़े वाले की,
गोदी में सो जाऊँ,
मेरा दिल करता है,
श्याम के भजनो में खो जाऊँ।।

Source: https://www.bharattemples.com/us-bansuri-vale-ki-godi-me-so-jaun/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw